भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3683**
**11.08.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**तिरुचिरापल्ली में पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन**

**3683. श्री दुरई वाइकोः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास विद्युत वाहनों (ईवी) की बढ़ती स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए, तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की कोई प्रस्तावना या योजना है;

(ख) तिरुचिरापल्ली जिले के पेट्रोल पंपों पर वर्तमान में कार्यशील ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है और अगले तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ईवी चार्जिंग अवसंरचना स्थापित करने के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) और निजी ईंधन खुदरा आउटलेट्स को कोई वित्तीय सहायता या प्रोत्साहन प्रदान कर रही है;

(घ) क्या सरकार का ईवी की सुगमता में सुधार के लिए तिरुचिरापल्ली में राष्ट्रीय राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों के सभी प्रमुख पेट्रोल पंपों पर फास्ट-चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा सहित इसका पूरा ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) से (ङ):** चार्जिंग स्टेशन की संस्थापना अनुज्ञप्तिमुक्त गतिविधि है तथा निजी क्षेत्र की संस्थाएं विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा दिनांक 17 सितंबर, 2024 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ईवीसीएस स्थापित कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, तीन तेल विपणन कंपनियों, अर्थात् बीपीसीएल, आईओसीएल एवं एचपीसीएल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फेम-2 स्कीम के अंतर्गत तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में कुल 79 ईवीपीसीएस स्थापित

किए गए हैं, जिनमें से 69 ईवीपीसीएस दिनांक 01.08.2026 की स्थिति के अनुसार प्रचालनरत हैं।

इसके अतिरिक्त, पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे प्रमुख पेट्रोल पंपों तथा शहरी क्षेत्रों सहित देशभर में तीव्र ईवीपीसीएस की स्थापना हेतु 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली एवं ओडिशा सहित 10 राज्यों तथा तीन तेल विपणन कंपनियों, अर्थात् बीपीसीएल, आईओसीएल एवं एचपीसीएल के 7,254 ईवी चार्जरों की स्थापना संबंधी प्रस्ताव पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित किए गए हैं। बीएचईएल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन तीनों तेल विपणन कंपनियों ने पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

पीएम ई-ड्राइव स्कीम के कार्यान्वयन की समय-सीमा 31.03.2028 तक है।

*****